150/2025
25/10/25

"ग्रामीण सेवा शिविर 2025"

2025/236

"खाता दुरूस्ती आवेदन–पत्र"
(राज. भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136)

सेवा में,
श्रीमान उपखण्ड अधिकारी महोदय
हमीरगढ़
विषयः– राजस्व रिकॉर्ड में दुरूस्ती के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि ग्राम भगवा का खेड़ा की जमाबन्दी संवत् 2073 से 2076 के खाता संख्या 63 में मेरा नाम गुलशेर खां पुत्र चांदखां के दर्ज रिकार्ड है जबकि पासपोर्ट, आधार कार्ड जन्माधार मे गुलशेर मोहम्मद है

अतः उक्त दुरूस्ती किये जाने के आदेश फरमाने की कृपा करें।

दिनांक 25/10/2025

प्रार्थी
गुलशेर
(गुलशेर मोहम्मद पिता चांदखां)

रिपोर्ट पटवारी एवं भू.अ.निरीक्षक

महोदयजी,

निवेदन है कि ग्राम भगवा का खेड़ा के राजस्व रिकॉर्ड जमाबन्दी सम्वत् 2073 से 2076 के खाता संख्या 63 में प्रार्थी का नाम गुलशेर खां पुत्र चांद खां दर्ज है। जबकि मुताबिक सलंग्न आधारकार्ड व जानकारी के अनुसार खातेदार का सही नाम गुलशेर मोहम्मद मेव है जो संशोधित किया जाना उचित है।

अतः रिपोर्ट श्रीमान की सेवा में पेश है।

भू.अ.नि. 25/10/2025 भगवाराम

पटवारी खलीफा
पटवारी पीपली
पटवार मण्डल पीपली
तह. हमीरगढ़ (भीलवाड़ा)

रिपोर्ट तहसीलदार / नायब तहसीलदार

प्रार्थी द्वारा रा0भू0राज0 अधिनियम 1956 की धारा 136 के तहत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर राजस्व रिकॉर्ड में स्वयं का/पिता नाम दुरूस्त करवाने हेतु निवेदन किया है प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर रिपोर्ट पटवारी पीपली व भू.अ.नि. भगवाराम एवं प्रार्थी द्वारा सलंग्न दस्तावेज के आधार पर ग्राम भगवा का खेड़ा की जमाबन्दी सम्वत् 2073 से 2076 की खाता संख्या 63 में प्रार्थी का नाम गुलशेर खां के बजाय गुलशेर खां उर्फ गुलशेर मोहम्मद मेव किये जाने हेतु अभिशंषा की जाती है।

क्रमांक/भू.अ./कैम्प हमीरगढ़ पीपली/10/25/10/2025

तहसीलदार हमीरगढ़
तहसीलदार
हमीरगढ़
जिला भीलवाड़ा (राज.)

आदेश

मुताबिक रिपोर्ट तहसीलदार हमीरगढ़ ग्राम भगवा का खेड़ा जमाबन्दी संवत् 2073-76 खाता संख्या 63 में दर्ज प्रार्थी का नाम गुलशेर खां के स्थान पर गुलशेर खां उर्फ गुलशेर मोहम्मद मेव संशोधन के आदेश दिये जाते है।

उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ़, जिला भीलवाड़ा